संक्षिप्त समाचार

कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन

नशे से दूरी बनायें रखने के लिया किया प्रेरित

टोंक (सीमा संदेश संवाददाता)। राजकीय कन्या महाविद्यालय टोंक मे नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र द्वारा नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। नई किरण नशा मुक्ति केंद्र के प्रभारी दिनेश चौधरी ने बताया कि महाविद्यालय में माव चॉइस फाउंडेशन के सहयोग से नशा मुक्ति पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राजकुमारी पंवार ने छात्राओ को नशे की लत लगने के कारण, प्रभाव व बचाव के बारे मे विस्तार से बताया तथा इसके साथ ही नशे पर रेपिड फायर प्रश्नावली आयोजित की। कार्यक्रम के अध्यक्ष कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अर्चना आनंद ने छात्राओं को नशे से दूरी बनाकर रखने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएं, कार्मिक व संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

टोंक आने पर अग्निवीर के सम्मान में जुटे लोग

आतिशबाजी एवं माला पहनाकर किया स्वागत



टोंक (सीमा संदेश संवाददाता)। फुले आरक्षण संघर्ष समिति सम्राट अशोक सेना टोंक के संयोजक राजकुमार (ढाढा) के सुपुत्र विशाल सैनी का अग्निवीर पद पर नियुक्ति होने के उपरान्त प्रथम बार टोंक आगमन पर बीती देश शाम यहा उनके मोहल्ले कंपू में अग्निवीर सैनिक का आतिशबाजी एवं माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। स्वागत के दौरान राष्ट्रीय सैनी जागरूकता संघ के प्रदेश सचिव लालचन्द सैनी, तहसील संयोजक कमलेश सैनी, अशोक सेना सम्राट के सचिव पवन मेडिकल, रामफूल मारोठ्या आदि लोग उपस्थित थे।

राजस्थान सोलर हाउस नव प्रतिष्ठान का शुभारम्भ

सरकारी सब्सिडी के साथ सोलर प्लांट लगाना होगा आसान

टोंक (सीमा संदेश संवाददाता)। रोज गार्डन के पास स्थित राजस्थान सोलर हाउस नव प्रतिष्ठान का रेल लाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एंव कांग्रेस कमेटी टोंक के जिला महासचिव अकबर खान ने उद्घाटन किया। इस मोके पर अकबर खान ने कहा है की राजस्थान सोलर हाउस के उद्घाटन से टोंक शहर के लोगों को अब सोलर की सेवाओं के लिए टोंक शहर से बहार नही जाना पड़ेगा, उन्हे सरकार की तय सब्सिड़ी के लाभ के साथ वाजिब दाम में सोलर प्लांट लगाना आसान होगा। इस मोके पर प्रोपराईटर सेफ खान सहित मौलाना वसीम नदवी, समाजसेवी शमीम भाई, फिरोज खान एंव आसपास के कई लोग मौजुद रहे।

गौ सेवा कर डॉ सूरज प्रकाश की जयंती मनाई

मालपुरा (सीमा सन्देश संवाददाता)। भारत विकास परिषद द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 27 जून से 10 जुलाई तक आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मालपुरा शाखा द्वारा परिषद के संस्थापक सदस्य डॉ. सूरज प्रकाश जी की जयंती श्री गोपाल गौशाला में मनाई गई। प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि प्रकल्प संयोजक अरविंद टेलर ने डॉ.सूरज प्रकाश जी की जीवनी पर अपने विचार व्यक्त किए। उपस्थित सदस्यो और आमजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। निर्धारित फ्लेक्स पर नशामुक्ति हेतु हस्ताक्षर अभियान प्रारंभ किया गया। गौसेवा प्रकल्प के अंतर्गत सदस्य डा कृष्ण गोपाल शर्मा के सहयोग से गुड और हरे चारे से गौसेवा की गई । गोपाल गोशाला में परिषद सदस्यो द्वारा हरे चारे गुड के अतिरिक्त 8400 रूपए की नकद सहयोग राशि प्रदान की गई। इस दौरन अध्यक्ष ज्ञान चन्द, तारांकांत पाठक, डा कृष्ण गोपाल शर्मा, मोतीलाल कारवाल, महावीर प्रसाद जैन डिग्गी, एडवोकेट अनीश जैन, राजेंद्र सैन, चेतन शर्मा, रामजीलाल बैरवा, सुभाष सोनी, सुनील परतानी, राम चरण विजय मौजूद रहे।

कवि आर एल दीपक की पुस्तक अधरों का आलाप का कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी विमोचन किया

मालपुरा (सीमा सन्देश संवाददाता)। ग्रामीण बालिका छात्रावास मालपुरा में शनिवार मालपुरा के सुप्रसिद्ध साहित्यकार कवि आर एल दीपक की 8वीं पुस्तक अधरों का आलाप का विमोचन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी कर कमलों से सम्पन्न हुआ। पुस्तक का प्रकाशन निखिल पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स,आगरा उत्तर प्रदेश ने किया है। पुस्तक में 128 पृष्ठ हैं। पुस्तक की कीमत 499 रुपए है। पुस्तक में दोहे, दुमदार दोहे, माहिया,कुण्डलिया, मुक्तक,कवित्त, रूप घनाक्षरी एवं सवैया आदि सरस छंद पठनीय है। पुस्तक में विभिन्न विषयों पर सटीक व्यंग पाठक की अभिरुचि को निरंतर बनाये रखते हैं। विमोचन कार्यक्रम में चंद्र मोहन उपाध्याय, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, मोतीलाल कारवाल,अध्यक्ष जाट सेवा समिति, शिवजीराम चौधरी पूर्व प्रधानाचार्य, प्रहलाद चौधरी, आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कांग्रेस का पेपर लीक और बेरोजगारी संकट पर छात्रों की गूंज अभियान

सरकार की सिस्टम पर कमजोर पकड़ से बढ़ी पेपर लीक की घटनाएं

अब तक 90 से अधिक पेपर लीक: प्रशांत शर्मा

डीसीसी में छात्रों की गूंज कार्यक्रम कोटा का वीडियो भी प्रसारित

सीमा संदेश संवाददाता

टोंक। पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस के देशव्यापी आव्हान पर शनिवार को टोंक जिला कांग्रेस भवन में छात्रों की गूंज कार्यक्रम के अंतर्गत कोटा में हुए छात्रों की गूंज कार्यक्रम का वीडियो प्रसारित किया गया। इस दौरान प्रतियोगी छात्रों के साथ कांग्रेस नेताओं ने वन-टू-वन संवाद भी किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के टोंक जिला संगठन प्रभारी एवं आमेर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि कांग्रेस प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों और अभिभावकों से संपर्क कर सिस्टम में किस प्रकार सुधार किया जा सकता है इसको लेकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की सिस्टम पर कमजोर पकड़ से मोदी के अब तक के शासन में रिकार्ड पेपर लीक की घटनाओं ने छात्रों की मानसिक स्थिति को सबसे अधिक प्रभावित किया है, जिससे आत्महत्या जेसी घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है।

पेपर लीक से बढ़ी बेरोजगारी

उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में शिक्षा प्रणाली में बहुत गिरावट आई है, जिसके कारण बेरोजगारी बढ़ रही है। जिला संगठन सह प्रभारी डॉ. सुमित गर्ग ने कहा कि केन्द्र में मोदी के शासनकाल में अब तक 90 से अधिक पेपर लीक हुए हैं। उन्होने कहा कि देश की शिक्षा प्रणाली गलत हाथों में चली जा रही है। जिला सोशल मीडिया प्रभारी जर्नर खान ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी,टोंक विधानसभा प्रभारी कमलेश गुर्जर, निवाई प्रभारी राजेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक कमल बैरवा, सै.महमूद शाह, दिनेश चौरासिया, सीपी श्रीवास्तव, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिक, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष सै.बरकात हसीन, देहात ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, शहर ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, निवाई ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चौधरी, शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा, पीपलू ब्लॉक अध्यक्ष जय नारायण मीणा, मालपुरा ब्लॉक अध्यक्ष गोमारान चौधरी, शहर अध्यक्ष मुंशी खान, ओबीसी जिलाध्यक्ष पंकज यादव, देवकरण गुर्जर, धर्मेंद्र सालोदिया, एस सी जिलाध्यक्ष बजरंग लाल गर्ग, किशन लाल छागोडिया, युसूफ खान यूनिवर्सल, इम्तियाज खान, शबाना बी सेवादल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज गुजल, हनुमान बेनीवाल, रामलाल सैलीवाल, कमलेश चावला, मो. कमर, मो. आसिफ, महेंद्र गुर्जर, सुमित वर्मा, कल्पना सैनी, निशा, इरशाद खान सहित विधार्थी एंव कांग्रेस कार्यकर्ता मौजुद थे।

अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा टोंक प्रदेश की द्वितीय बैठक आज

टोंक (सीमा संदेश संवाददाता)। अखिल भारतीय विजयवर्गीय (वैश्य) महासभा टोंक प्रदेश की कार्यकारिणी की द्वितीय बैठक रविवारए 28 जून 2026 को दोपहर 1 बजे विजयवर्गीय महासभा भवन] सवाई माधोपुर चौराहा टोंक में प्रदेशाध्यक्ष बालदेव विजयवर्गीय की अनुमति से आयोजित की जा रही है। जिसमें संरक्षक मंडल, परामर्शदाता मंडल, पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य भाग लेंगे। महामंत्री कमलेश विजयवर्गीय (लवादर) ने बताया कि बैठक मे पिछली बैठक की पुष्टि, मांडकला निर्माण कार्य की समीक्षा, डिग्गी धर्मशाला से संबंधित विषयों पर चर्चा, समाज की जनगणना एवं सदस्यता अभियान-2026 की प्रगति की समीक्षा तथा 12 जुलाई 2026 को प्रस्तावित वृक्षारोपण कार्यक्रम की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

कल्याणपुरा में जमीनी विवाद, दो गुटों में खूनी संघर्ष; एक पक्ष के 6 लोग घायल

लाठी-डंडों से हुआ हमला, घायलों को पावटा उपजिला अस्पताल में कराया भर्ती, गंभीर घायलों को किया जिला अस्पताल रेफर

सीमा सन्देश संवाददाता

पावटा। ग्राम कल्याणपुरा में शनिवार को जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों से मारपीट शुरू हो गई। घटना में एक पक्ष के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिससे गांव में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। घटना में कुन्दन देवी (50), कपिल (18), हरसहाय (60), त्यारशी देवी (55), सुशीला (45) तथा दिनेश (35) घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण घायलों को तत्काल पावटा उपजिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक डॉ. दयाराम ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए कोटपूतली जिला

अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पावटा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जानकारी जुटाई तथा दोनों पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मारपीट की वजह जमीन को लेकर चला आ रहा पुराना विवाद है। इस खूनी संघर्ष की घटना से कल्याणपुरा गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और दोनों पक्षों की रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

यतीश बंसल प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत

पावटा (सीमा संदेश संवाददाता)। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन पूर्वी राजस्थान के प्रदेश युवा अध्यक्ष रोहित गर्ग ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पावटा कस्बे निवासी यतीश बंसल को प्रदेश मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनित किया । बंसल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्ण निष्ठा व लगन से कार्य करते हुए समाज हित के लिए कार्य करते हुए हमेशा संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में कार्य करता रहूँगा। बंसल के इस मनोनयन पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के अग्रवाल बन्धुओं ने भी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए बंसल को बधाई दी।

अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव के नेतृत्व में नव नियुक्त एसडीएम का भव्य स्वागत

सीमा सन्देश संवाददाता

पावटा। उपखंड अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण करने पर नव नियुक्त एसडीएम बृजेश कुमार का पावटा अभिभाषक संघ की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव के नेतृत्व में आयोजित स्वागत समारोह में अधिवक्ताओं ने माला एवं साफा पहनाकर उनका सम्मान किया, स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा मिठाई खिलाकर सफल एवं जनहितकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष एडवोकेट रामनिवास यादव ने कहा कि प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय आमजन को त्वरित एवं प्रभावी न्यायिक और प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एसडीएम बृजेश कुमार के नेतृत्व में पावटा क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा जनसमस्याओं के समाधान में प्रशासन संवेदनशीलता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने अभिभाषक संघ की ओर से हर सकारात्मक एवं जनहितकारी पहल में पूर्ण सहयोग का भरोसा भी दिलाया। नव नियुक्त एसडीएम बृजेश कुमार ने अभिभाषक संघ द्वारा दिए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान, पारदर्शी कार्यप्रणाली तथा विकास कार्यों को गति देना रहेगा। उन्होंने अधिवक्ताओं के सहयोग से बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। समारोह में संघ के उपाध्यक्ष राजेश यादव, सचिव सुरेन्द्र सिंह शेखावत, कोषाध्यक्ष मुकेश यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान एडवोकेट लोकेश शर्मा, नरेश यादव, हजारीलाल यादव, उपवन सैनी, निर्मल मौर्य, अनिल कुमार यादव, दिलीप सिंह शेखावत, राजेन्द्र जाट, कुलदीप पटेल, किशोरीलाल यादव, रामकिशन बलाई, मेहरसिंह चौधरी, कमलकांत शर्मा, सीताराम सैनी, गौरव शर्मा, घनश्याम शर्मा, रतिराम मीणा, दिनेश दायमा, धर्मपाल यादव, बी.एल. आर्य, राजकुमार यादव, पंकज यादव, हरिसिंह यादव, गुल्लाराम यादव, सुलतान यादव, श्यामसुंदर शर्मा, लालचंद जाट, महेन्द्र यादव, बुद्धराम यादव सहित अनेक अधिवक्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अधिवक्ताओं ने नव नियुक्त एसडीएम को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र के विकास, सुशासन और जनसेवा के कार्यों में हरसंभव सहयोग का संकल्प व्यक्त किया।

गाजे-बाजे के साथ ठाकुर जी की बारात निकली

जगह-जगह शहरवासियों ने किया स्वागत

मालपुरा (सीमा सन्देश संवाददाता)। कृषि उपज मंडी मे शनिवार को कृषि उपज मंडी व्यापार मंडल द्वारा आयोजित पीपल एवं तुलसी मैया विवाह महोसव का आयोजन किया गया। पीपल एवं तुलसी मैया के विवाह के अवसर पर पांच मंदिरों से ठाकुर जी को दूल्हा स्वरूप सुसज्जित कर भव्य बारात निकाली गई। ठाकुर जी की बारात का शहर वासियों ने जगह-जगह तोरण द्वार लगाकर भव्य स्वागत किया। शहर की पुरानी तहसील स्थित चारभुजा नाथ मंदिर से ठाकुर जी की बारात की प्रारंभ हई जो प्रमुख बाजारों से होती हुई कृषि मंडी पहुंची जहां कृषि उपज मंडी व्यापार मंडल द्वारा ठाकुर जी एवं बारातियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेंद्र मेंदवास्या के नेतृत्व में त्रिलोक जैन, महामंत्री कन्हैयालाल शर्मा, सुनील(बबलू) सैनी, सुरेश शर्मा मीडिया प्रभारी, सहित मनोहरलाल सिंघी, दशरथ मुंशी, दिनेश विजय, मनीष जैन, अशोक सिंघी, कमल सैनी, राजेंद्र सेन,नेमीचंद प्रजापति, पीयूष सिंघी, रमाकांत पटेल, रामसहाय वर्मा, नजरुद्दीन देशवाली एवं अन्य वरिष्ठ भाजपा कार्यकताओं ने पुष्पवर्षा कर बारात का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया।

पावटा: भोमिया बाबा के प्राचीन जोहड़े पर विशाल भंडारा आज

सीमा सन्देश संवाददाता



पावटा। भोमिया बाबा मंदिर मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्ति व श्रद्धा से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा व इससे पूर्व रात्रि को सत्संग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा । टोरडा मन्दिर के महत मंगल दास जी महाराज ने बताया कि 28 जून प्रातः मूर्ती एवं चरण पादुका का पावटा के प्रमुख मार्ग भ्रमण करवाया जाएगा वह अखिलेश जी महाराज की चादर पेशी की जाएंगी मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया मन्दिर को रंग-बिरंगे रोशनी व साज-सज्जा के बीच लोक कलाकारों द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। जागरण में क्षेत्र के प्रख्यात कलाकार शिरकत करेंगे और भक्तिरस की गंगा बहाएंगे, रविवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आसपास के दर्जनों गांव से आए हजारों की तादाद में श्रद्धालु पंगत प्रसादी का लुफ्त उठाएंगे उन्होंने बताया की प्रसादी के लिए देसी घी व 35 क्विंटल चीनी के लड्डू पंगत प्रसादी में किया जाएगा । आयोजक समिति के सदस्य ने बताया कि इसन आयोजन को भव्य और अनुशासित रूप से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं।इसके अतिरिक्त दिन में लोक कलाकारों व माहसीयों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी, जो उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन करेगी।भोमिया बाबा के प्रति श्रद्धा रखने वाले समस्त श्रद्धालुओं से आयोजन समिति ने अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारें और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

पल्स पोलियो अभियान का आज शुभारंभ

सीमा सन्देश संवाददाता

मालपुरा। मालपुरा में आज रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ होगा। मालपुरा के राजकीय जिला अस्पताल के टीकाकरण प्रभारी इफ्तिखार नकवी ने बताया कि 28 जून को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। आठ हजार बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। यह अभियान तीन दिवसीय होगा। इसके अंतर्गत पहले दिन बूथ पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी वहीं दूसरे व तीसरे दिन डोर टू डोर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। कुल 21 टीमें बनाई गई है।

पानी में डूबने से मासूम बालक की हुई मौत

मालपुरा (सीमा सन्देश संवाददाता)। मालपुरा थाना क्षेत्र की पीनणी गांव में पानी से भरी गहरी खाई में गिरने से मासूम बच्चे की हुई मौत। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को खाई से बाहर निकाला। दस वर्षीय दीपक पुत्र रणजीत भाट की पानी में डूबने से मौत हुई। मालपुरा थाना प्रभारी रक्षक लक्ष्मी नारायण मीणा ने बताया कि गांव के बच्चे पानी में कागज की नाव तैराकर खेल रहे थे इस दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से दीपक गहरे पानी में चला गया जिससे उसकी मौत हो गई।

देवली नगरपालिका ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधायक की अनुशंसा पर जारी की निविदाएं

देवली (सीमा सन्देश संवाददाता)। कार्यालय नगरपालिका देवली द्वारा शहर के विकास, सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी अमर चन्द गुर्जर द्वारा जारी विज्ञप्ति (निविदा सूचना संख्या 04/2026झ27) के अनुसार, शहर के विभिन्न वार्डों और क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इन सभी कार्यों की कुल अनुमानित लागत लाखो रुपये तय की गई है। ?जारी की गई सूची के अनुसार, शहर के धार्मिक स्थलों के विकास और हरियाली बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिसमे ?संकट मोचन हनुमान मंदिर, अंबापुरा के पास ट्यूबवेल निर्माण कार्य।?'हरियाली राजस्थान' अभियान के तहत वृक्षारोपण के लिए पौधों की आपूर्ति। ?देवली के विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण के लिए मिट्टी भराई का कार्य। ?शहर के विभिन्न स्थानों पर रेलिंग लगाने का कार्य। ?विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर वायर फेंसिंग (तारबंदी) का कार्य। केसर माता मंदिर पार्क में सुरक्षा दीवार निर्माण और गेट का जीर्णोद्धार। ?देवली के विभिन्न स्थानों पर पेंटिंग (रंग-रोगन) का कार्य। ?बीसलपुर रोड स्थित अंबापुरा के बालाजी मंदिर में विभिन्न विकास कार्य। सहित क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) ने दो महत्वपूर्ण कार्यों के लिए अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की हैं। नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी अमर चन्द गुर्जर द्वारा जारी की गई इस निविदा सूचना (संख्या 05/2026-27) के तहत कुल 9.77 लाख रुपये की अनुमानित लागत से शहर में नालियों की मरम्मत और पैच वर्क का कार्य कराया जाएगा। महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवली में शौचालय निर्माण (लागत 5.93 लाख), एमजीएसएस स्कूल देवली गांव में एप्रोच रोड निर्माण (लागत 7.62 लाख) तथा इसी स्कूल में प्रेयर डोम (प्रार्थना शेड) का निर्माण (लागत ?30.33 लाख) शामिल है। इसके अलावा जीपीएस स्कूल माधोसिंहपुरा में भी 24.73 लाख की लागत से प्रेयर डोम बनाया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में सी.सी. रोड और ग्रेवल सड़कों का जाल बिछाया जाएगा। इसमें रामलाल गुर्जर से दुगालॉल मास्टर तक सी.सी. रोड (18.74 लाख), कान्हा धाकड़ से सुखलाल धाकड़ तक सी.सी. रोड (21.03 लाख) और एनएच 52 ओल्ड स्कूल से घीसालाल धाकड़ व अन्य संपर्क मार्गों के लिए 23.65 लाख की लागत से सी.सी. रोड निर्माण शामिल है। माधोसिंहपुरा में ग्रेवल सड़क का निर्माण भी किया जाएगा।? दौलता मोड़ देवली स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर और राधा कृष्ण मंदिर, दोनों स्थानों पर 23.82-23.82 लाख की लागत से सामुदायिक भवनों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही जयपुर चुंगी नाका पर 24.12 लाख की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण होगा साथ ही गणेश रोड स्थित गोचिकित्सालय में गार्ड रूम और शौचालय निर्माण (13.07 लाख), पनवाड़ कचरा डिपो पर एप्रोच रोड (24.12 लाख) और देवली गांव श्मशान घाट के पास चारदीवारी व टिन शेड का निर्माण (24.48 लाख) करवाया जाएगा। पूर्व नगर पालिका पार्षद व वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंघल एवं शहर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशीष पंचोली ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त निविदाएं देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक राजेन्द्र गुर्जर की अनुशंसा पर जारी की गई है।

ACRE
ACCREDITED REGISTRAR
एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: 1-ओसी मॉल, होम कॉलोनि टाऊन, नेहरू पोस्ट, नई दिल्ली-110019 फोन: 91-11-43115650 फैक्स: 91-11-43115618
कॉर्पोरेट कार्यालय: यूनिट संख्या: 502, सी विंग, जन बीकेसी, रेटिंग्स डेवलपर्स, प्लॉट संख्या: सी-66, जी-ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्पलेक्स, मुंबई-400051
फोन: 022 68643101 ईमेल: acre.arc@acreindia.in वेबसाइट: www.acreindia.in CIN: U65993DL2002PLC115769
परिशिष्ट IV-A - अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6), एवं 9(1) के प्रावधानों के साथ अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना
सुरक्षित लेनदार/ऋण समाधान को और वित्तीय रूप से आस्तीकरण(1), मा.-आयोक्ता(1), सोककर्ता(1) और जमानतदार(1) को 30 दिनों की सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जो एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड (CIN: L65993DL2002PLC115769) (सुरक्षित लेनदार) के पास गिरवी/प्रभारित हैं, जिसका भौतिक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उनकी बिक्री सुरक्षित लेनदार को देय राशि की अमूनी के लिए कुमेर्स मेसर्स के नीचे उल्लिखित अनुसार मूल्य और कब्जा जब राशि के साथ निम्नलिखित खाताधारक(1), सह-खातेदार(1), जमानतदार(ओं) के जरूरी मेसर्स है, उनकी बिक्री सुरक्षित लेनदार को देय राशि की अमूनी के लिए कुमेर्स मेसर्स के नीचे उल्लिखित अनुसार मूल्य और कब्जा जब राशि के साथ निम्नलिखित खाताधारक(1), सह-खातेदार(1), जमानतदार(ओं) के जरूरी मेसर्स है, "जो है जैसी है", "जो है जैसी है", "जो कुछ भी है" के आधार पर की जाएगी।
सुरक्षित आस्तियों का विवरण
1. ऋण खाता संख्या : एपी/आई टुकर का नाम : 60273921050682 / एपी/आई-178-टुकर, ऋणधारक(1)/सोककर्ता(1)/जमानतदार(1) के नाम: विकास छाजेड़ी एवं नमक छाजेड़, दिनांक 25-06-2026 तक कुल बकाया राशि रुपये 23,68,519/- (रुपये तेईस लाख अड़सठ हजार पांच सौ उन्नीस मात्र) + इस पर आगे का ब्याज + अन्य शुल्क, आनुषंगिक शुल्क (रुपये में), रुपये 2,5,75,000/- (रुपये एकसौ पांच लाख पचहत्तर हजार मात्र), बकाया जब राशि: (रुपये में), रुपये 2,57,500/- (रुपये दो लाख सत्तावन हजार पांच सौ मात्र), नीलामी की तिथि एवं समय: 29 जुलाई 2026 रोज़ार 02:30 बजे से अपराह्न 03:30 बजे तक, बकाया राशि चुकाना है: जब खाते का विवरण: लागपुरी का ग्राम एसोसाई-178-टुकर, बैंक का नाम: आईसीआई बैंक लिमिटेड, बैंक खाता संख्या: 0901120000426-17, सुरक्षित आस्तियों का विवरण: जबहर नगर, टुकरा में स्थित मकान नंबर 07- के समस्त ग्रौंड एवं दिसरी। अधिमापन क्षेत्र 400 वर्ग फीट है, निम्नलिखित संपत्ति की सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व - मकान नंबर 07-ए का पूर्वी भाग, पश्चिम - मकान नंबर 07-बी, उत्तर - 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण - अन्य मकान।
2. ऋण खाता संख्या / एपी/आई टुकर का नाम : 60270751053479 एवं 60273951072857 / एपी/आई-178-टुकर, ऋणधारक(1)/सह-ऋणधारक(1)/सोककर्ता(1)/जमानतदार(ओं) के नाम: हरी सिंह देवड़ा एवं अमर कुमार, दिनांक 25-06-2026 तक कुल बकाया राशियां रुपये 27,35,502.12/- (रुपये सत्ताईस लाख पैंतीस हजार पांच सौ दो और दिन बाद मात्र) + इस पर आगे का ब्याज + अन्य शुल्क, आनुषंगिक शुल्क (रुपये में), रुपये 18,50,000/- (रुपये अठारह लाख पचास हजार मात्र), बकाया जब राशि (रुपये में), रुपये 1,85,000/- (रुपये एक लाख पचासी हजार मात्र), नीलामी की तिथि एवं समय: 29 जुलाई 2026 रोज़ार 02:30 बजे से अपराह्न 03:30 बजे तक, बकाया राशि चुकाना है: जब खाते का विवरण: लागपुरी का ग्राम एसोसाई-178-टुकर, बैंक का नाम: आईसीआई बैंक लिमिटेड, बैंक खाता संख्या: 0901120000426-17, आईएफएससी कोड: ICIC0000901, सुरक्षित आस्तियों का विवरण: ग्राम रायबाग- सोजेला, रायबाग सोसाई- बीटल, जिला उदयपुर में स्थित पट्टा संख्या 58952, आराजी संख्या 1133, 1134 एवं 1135 के समस्त ग्रौंड एवं दिसरी, अधिमापन क्षेत्र 1438 वर्ग फीट है, निम्नलि सीमाएं इस प्रकार हैं- उत्तर: पूरा सिंह का मकान, दक्षिण: राम लिंग का मकान, पूर्व - सोहन सिंह देवड़ा का मकान एवं आम रास्ता, पश्चिम: आम रास्ता।
उपरोक्त अन्य प्रावधान / शर्तों/नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट www.acreindia.in या https://www.bankauctions.com पर जाएं।
दिनांक: 28-06-2026, स्थान: जयपुर
प्राधिकृत अधिकारी, एसेट्स केयर एंड रिकंस्ट्रक्शन एंटरप्राइज लिमिटेड